# जबलपुरइंजीनियरिंगमहाविद्यालय, जबलपुर
## (शासन द्वारास्वशासी घोषित)

क्रमांक / छात्र / 2025 / 1674 जबलपुर, दिनाँक 29 / 08 / 2025

## सूचना

**संस्थान में रिक्तियों के विरूद्ध ब्रान्च / संकाय परिवर्तन के आधार पर बी.टेक. द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) में प्रवेश (शैक्षणिक सत्र 2025–26)**

संस्थान के बी.टेक. तृतीय सेमेस्टर में छात्रों द्वारा रिक्त की गई सीटों पर ब्रान्च / संकाय परिवर्तन(Branch Upgradation)के आधार पर प्रवेश दिया जाना है वर्ष 2024–25 में जेईई के माध्यम से बी.टेक. प्रथम वर्ष में प्रवेशित ऐसे छात्र जो कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025–26 में बी.टेक. द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) में अध्ययनरत हैं, वे इस प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। आवेदन पत्र संस्थान की बेवसाइट www.jecjabalpur.ac.inपर उपलब्ध है। पूर्ण रूप से भरे हुये आवेदन पत्र संस्थान के छात्रशाखा में दिनाँक 02 सितम्बर 2025 तक स्वीकार किये जावेंगें। ब्रान्च / संकाय परिवर्तन(Branch Upgradation)की कार्यवाही दिनांक 10 / 09 / 2025 को संस्था के जशन ऑडीटोरियम में आवेदनकर्ता छात्रों की भौतिक रूप से उपस्थिती में प्रातः 11:00 बजे संपन्न की जावेगी। अनुपस्थित छात्रों के आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

ब्रान्च / संकाय परिवर्तन(Branch Upgradation)हेतु निर्धारित योग्यता संबंधी विस्तृत निर्देश मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग के आदेश क्रमांक एफ–14–14–2007 / बयालिस (1) दिनाँक 8 जुलाई 2015 एवं संचालक तकनीकी शिक्षा म.प्र. भोपाल का पृ. क्रमांक / 4 / शैक्ष. / बी / 2015 / 1224 भोपाल, दिनाँक 28 / 07 / 2015 में दिये गये हैं, जो कि संचालनालय की बेवसाइट www.mptechedu.orgमें उपलब्ध हैं। शाखा उन्नयन हेतु इच्छुक छात्र प्राथमिकता क्रम में संस्था की अन्य समस्त ब्रांच में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ लगाये जाने वाले दस्तावेजों की सूची निम्नानुसार हैः–

1- JEE Mains 2024 (Marksheet / Photocopy)
2- I sem. Admission Slip of DTE Counseling 2024
3- Marksheet of I and II Sem.
4- Certificate of Category / Class
5- M.P. Domicile Certificate.

प्राचार्य
जबलपुर इंजीनियरिंग महाविद्यालय
जबलपुर

नोटः–1. ब्रान्च / संकाय परिवर्तन (Branch Upgradation)की सम्पूर्ण कार्यवाही विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा के प्रथम वर्ष में सैध्दांतिक विषयों में प्राप्त अंकों की मेरिट अनुसार की जावेगी ।

2. अधिसंख्य सीटों तथा लेटरल एट्री की रिक्तियों पर ब्रान्च / संकाय परिवर्तन की कार्यवाही नहीं की जावेगी।

3. जबलपुर इंजीनियरिंग कालेज, जबलपुर में निम्नलिखित ब्रांचों में प्रवेश की पात्रता होगीः–

(i) Civil Engineering (ii) Mechanical Engineering (iii) Electrical Engineering (iv) Electronic & Communication Engg.(v) Computer Science & Engg.(vi) Information Technology(vii)Industrial &Production Engg. (viii) Artificial Intelligence & Data Science (ix) Mechatronics.

-Sd-
प्राचार्य
जबलपुर इंजीनियरिंग महाविद्यालय
जबलपुर

Scanned with CamScanner